(4)

कार्यालय परिसम्पत्ति अधिकारी
गो0ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर –263145
जनपद ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पत्रांकः इस्टेट / 9095 दिनांक 28/03/2023

कार्यालय आदेश

विगत कुछ समय से निरीक्षण के दौरान पाया जा रहा है कि कतिपय आवासों में आवासितों द्वारा बिना परिसम्पत्ति अधिकारी / निदेशक, निर्माण एवं संयन्त्र, सेटअप की स्वीकृति किये बिना तोड़ फोड कर परिवर्तन किये जा रहे हैं साथ ही आवासो के बाहर दीवार पर अन्य आस–पास के आवासों से भिन्न / अलग / इतर रंग की पुताई करा दी जा रही है जो अलग नजर आती है एवं परिसर के सौन्दर्यीकरण को प्रभावित करती है।

अतः कुलपति महोदय के निर्देशों के कम में समस्त परिसरवासियों एवं समस्त आवंसीयो को सूचित किया जाता है कि बिना परिसम्पत्ति अधिकारी / निदेशक, निर्माण एवं संयन्त्र, सेटअप की अनुमति के बिना आवासों में किसी भी प्रकार की तोड़–फोड़ / परिवर्तन न किया जाये साथ ही आवंटित आवास की बाहरी दीवारों पर, आस–पास के आवासों से भिन्न / अलग / इतर रंग की पुताई कदापि न की जाये। विश्वविद्यालय में आवासों के बाहर पुताई हेतु निर्धारित रंग सफेद, कीम, लाईट कीम, आफ व्हाईट, पींच आदि ही प्रचलित व्यवस्था के अन्तर्गत ही किया जाये एवं पट्टियों एवं कालम में टेराकोटा आदि रंग किया जाये ताकि कालोनी एवं सभी आवासों में एकरूपता व समानता बनी रहे।

कृपया उपरोक्त आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये।

28/3/23
(टी0एस0 बिष्ट)
परिसम्पत्ति अधिकारी

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. समस्त परिसरवासी, विश्वविद्यालय पन्तनगर।
2. अधिष्ठाता / निदेशकों / विभागाध्यक्षों / प्रभारी अधिकारियों को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिकों को अवगत कराने का कष्ट करें।
3. निदेशक, निर्माण एवं संयन्त्र को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया अपने अधीन समस्त उप निदेशकों / सहायक निदेशकों को उक्त आदेशों का पालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. सुरक्षाधिकारी।
5. कुलसचिव।
6. निदेशक, प्रशासन एवं अनुश्रवण / अध्यक्ष, आवास आवंटन समिति।
7. कुलपति जी के निजी सचिव को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

(8) गा/ फाईल